भारत सरकार
विदेश मंत्रालय

लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं. *359
17.07.2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

एच-1 बी वीज़ा में कमी

***359. श्री असादुद्दीन ओवैसीः**
श्री सय्यद ईमत्याज ज़लील:

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या 2018 में पिछले वर्ष की तुलना में संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा एच-1बी वीज़ा की स्वीकृति दिए जाने में तेजी से कमी आई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या अति कुशल भारतीय आईटी पेशेवरों में एच-1बी वीज़ा लोकप्रिय है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा भारतीयों को 2017 तथा 2018 के दौरान जारी किए गए ऐसे वीज़ा की संख्या अलग-अलग कितनी है;

(घ) इस वीज़ा के अंतर्गत संयुक्त राज्य अमेरिका में नौकरी पाने में भारतीय आईटी पेशेवर किस हद तक प्रभावित हुए हैं; और

(ड.) क्या सरकार ने इस मामले को संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ उठाया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर अमेरिकी सरकार की प्रतिक्रिया क्या है?

उत्तर
विदेश मंत्री
(डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर)

(क) से (ड.) विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

"एच-1बी वीज़ा में कमी" के संबंध में दिनांक 17.07.2019 को उत्तरार्थ लोकसभा तारांकित प्रश्न सं.*359 के उत्तर के भाग (क) से (ङ) में उल्लिखित विवरण

अमरीकी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार अमरीका द्वारा वित्त वर्ष 2017 तथा 2018 के दौरान जारी किए गए एच-1बी वीज़ा की कुल संख्या क्रमशः 179049 तथा 179660 थी।

हाल के वर्षों में अमरीका द्वारा भारतीय नागरिकों को जारी एच-1बी वीज़ा सहित जारी एच-1बी वीज़ा की कुल संख्या में इनकी हिस्सेदारी का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

एच-1बी वीज़ा	वित्त वर्ष 2012	वित्त वर्ष 2013	वित्त वर्ष 2014	वित्त वर्ष 2015	वित्त वर्ष 2016	वित्त वर्ष 2017	वित्त वर्ष 2018
भारतीय नागरिकों को जारी	80,630	99,705	108,817	119,952	126,692	129,097	125,528
जारी किए गए एच-1बी वीज़ा की कुल संख्या	135,530	153,223	161,369	172,748	180,057	179,049	179,660
भारतीय नागरिकों को जारी वीज़ा की प्रतिशतता	59.5%	65.1%	67.4%	69.4%	70.4%	72.1%	69.9%
स्रोतः अमरीकी डिपार्टमेंट ऑफ स्टेट							

उपर्युक्त आंकड़े दर्शाते हैं कि अमरीका द्वारा पिछले पाँच वित्तीय वर्षों के दौरान जारी कुल एच-1बी वीज़ा में से भारतीय नागरिकों के लिए 67% से 72% के बीच वीज़ा जारी किए गए। एच-1 बी वीज़ा ने प्रतिभाशाली भारतीय पेशेवरों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया है।

अमरीकी एच-1बी वीज़ा कार्यक्रम में अब तक कोई भारी बदलाव नहीं किए गए हैं। अमरीकी सरकार ने एच-1बी वीज़ा कार्यक्रम के संबंध में कुछ प्रशासनिक उपाय किए हैं जिससे एच-1बी वीज़ा आवेदनों की जाँच-पड़ताल में बढ़ोतरी हुई है और आवश्यक दस्तावेज़ों की संख्या भी बढ़ी है।

भारत सरकार ने एच-1बी वीज़ा से जुड़े मुद्दों सहित भारतीय पेशेवरों की आवाजाही के संबंध में सभी स्टेक होल्डरों के साथ गहन परामर्श किया है और अमरीकी प्रशासन तथा काँग्रेस के साथ बातचीत की है। हाल ही में अमरीकी सेक्रेटरी ऑफ स्टेट माइकल आर. पॉम्पियो की 26 जून, 2019 को भारत यात्रा के दौरान एच-1बी वीज़ा से संबंधित मुद्दों को उठाया गया था। इस बातचीत में हमने इस बात पर जोर दिया कि यह परस्पर लाभकारी साझेदारी रही है जिसे बढ़ावा दिया जाना चाहिए। भारतीय कुशल पेशेवरों ने अमरीकी अर्थव्यवस्था की वृद्धि एवं विकास में योगदान दिया है और उन्होंने अमेरिका को अपनी स्पर्द्धात्मक बढ़त एवं आविष्कारी श्रेष्ठता को बनाए रखने में मदद की है। अमरीकी पक्ष ने अमरीका में भारतीय नागरिकों द्वारा किए गए योगदान की सराहना की है।

*****